Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 12-05-2006

Participants : Mohale Shri Punnulal

Title: Need to enhance the rate of honorarium for woman Anganwadi workers in the country.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, पूरे देश में आंगनवाड़ी केन्द्र में काम करने वाली महिला सहायिका एवं कार्यकर्ताओं का मानदेय 500 रुपये से लेकर 1000 रुपये है जो अपर्याप्त है। रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत 60 रुपये प्रतिदिन रोजी देने के हिसाब से 1800 रुपया महीना प्रति मजदूर को पड़ता है। अगर हम कलैक्टर रेट की बात करें तो कलैक्टर रेट में पचास रुपये से लेकर पिचहत्तर रुपये प्रति दिन मजदूरी दी जाती है। उन परिस्थिति में 1800 रुपये से लेकर 2500 रुपये प्रति मजदूर को देते हैं। पर आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता, चाहे उन्हें किसी भी कार्यक्रम में लगाएं, चाहे सुपरविजन का कार्य हो, चाहे कोई भी कार्यक्रम हो, उन्हें सभी कार्यक्रमों में लगाएं, पटवारी लैवल से लेकर शासकीय लेवल तक के सभी कार्यो में आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता काम करते हैं। मैं अनुरोध करूंगा कि उनका मानदेय 5000 रुपये से 10,000 रुपये महीना बढ़ाया जाए। उनकी योग्यता के अनुसार उन्हें नौकरी दी जाए। जिस राज्य में आंगनवाड़ी के कार्यकर्ता कार्य करते हैं, उन्हें उस राज्य के कर्मचारी घोाित किया जाए। जितने पद सुपरवाइजर एवं अन्य पद हैं, उनकी योग्यता के अनुसार जो रिक्त पद हैं, उनकी भर्ती में प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी मांग करना चाहूंगा कि जितने भी कर्मचारी हैं, या तो केन्द्र के कर्मचारी उन्हें मान लिया जाए या राज्य के कर्मचारी उन्हें माना जाए जिससे वे रेगुलर रुप से काम कर सकें।